# सिस्टएडेनोफाइब्रोमा
# CYSTADENOFIBROMA

यह पत्रक आपको यह समझने में मदद करने के लिए है कि सिस्टएडेनोफाइब्रोमा क्या है, यह कैसे होता है, आपको किन जाँचों की आवश्यकता है और अगर इस बीमारी का पता लगता है तो आपपे इसका क्या दीर्घकालिक प्रभाव होता है।

**सिस्टएडेनोफाइब्रोमा क्या है?**

सिस्टएडेनोफाइब्रोमा अंडाशय में सौम्य गाँठ होता है जिसमें कुछ एपिथेलियल और स्ट्रोमल तत्त्व  होते हैं । ये ट्यूमर सभी उम्र की महिलाओं में होते हैं, लेकिन 40 से 60 वर्ष की आयु के लोगों में अधिक पाया जाता है ।

**इसका लक्षण क्या हैं?**

सीरस सिस्टएडेनोफाइब्रोमा के लक्षण और संकेत विशेष नहीं होते हैं । भले ही अधिकांश महिलाओं में कोई लक्षण नहीं होता पर इसका सबसे आम लक्षण पैल्विक दर्द और असुविधा है।

**क्या मुझे और परीक्षण करवाना चाहिए?**

अधिकांश सिस्टएडेनोफाइब्रोमा में कोई विशेष लक्षण नहीं होता है इसलिए इसका पता  एक नियमित स्त्री रोग संबंधी अल्ट्रासाउंड जाँच के दौरान आकस्मिक रूप से चलता है । ट्यूमर के सौम्य व्यवहार के बावजूद, इसका इमेजिंग से कैंसर के रूप में गलत निदान किया जा सकता है। अल्ट्रासाउंड पहली इमेजिंग जाँच के रूप में उपयोगी है। इसके अलावा, पूरे शरीर का सीटी स्कैन या एमआरआई अन्य घातक नवोप्लाज्म (कैंसर) से इन सौम्य ट्यूमर को अलग करने में प्रीऑपरेटिव इमेजिंग के रूप में सहायक हो सकता है।

**सबसे अच्छा इलाज क्या है?**

संदिग्ध कैंसर के मामलों में सर्जरी उपचार है।

**रोग का प्रोग्नोसिस कैसा है?**

क्योंकि यह एक सौम्य स्थिति है इसलिए उचित और शीघ्र उपचार के साथ इसका प्रोग्नोसिस अच्छा है

**मुझे और क्या प्रश्न पूछने चाहिए?**

- मेरी हालत के लिए सबसे अच्छा इलाज क्या है?
- क्या मैं सर्जरी के बाद गर्भवती हो पाऊंगी?
- उपचार के बाद मुझे किस फॉलो-अप की आवश्यकता होगी?